न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

प्रार्थना पत्र संख्या 41/2020

एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लि0
पंजीकृत कार्यालय–19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर
शाखा कार्यालयः– आदर्श नगर, अजमेर
जरिये प्राधिकृत अधिकारी

..................प्रार्थी(प्रतिभूत लेनदार)

बनाम

(1). श्री तेजेन्द्र सिंह राठौड पुत्र श्री रेवत सिंह राठौड,
पताः– 37, परशोत्तम नगर, परवत गाम जिला सूरत
हाल निवासी–गर्ग मौहल्ला, बडली तहसील भिनाय जिला अजमेर व पटटा नम्बर 16,
खसरा नम्बर 1543, ग्राम बडली ग्राम पंचायत भिनाय जिला अजमेर।

(2). श्रीमती राजेश्वरी पत्नि श्री तेजेन्द्र सिंह राठौड,
पताः– 675, लाला सिंह का मौहल्ला, ग्राम बडली तहसील भिनाय
जिला अजमेर व बी –120 प्रियंका मेघा सिटी, ज्ञानजोत स्कूल
गोदादरा तहसील चौरासी जिला सूरत, गुजरात।

(3). श्रीमती सन्तोष पुत्र श्री त्रिलोकचन्द,
निवासीः– 341, कुमावत मौहल्ला श्रीनगर, तहसील नसीराबाद जिला अजमेर।

(4). श्री महावीर सिंह भाटी पुत्र श्री छोटू सिंह भाटी,
पताः– 355, धाभाई मौहल्ला, ग्राम बडली तहसील भिनाय जिला अजमेर।

........अप्रार्थीगण (ऋणी/जमानती)

प्रार्थनापत्र अर्न्तगत धारा 14 दी सिक्यूराईटेशन रिक्सट्क्शन आफ फाईनेनिशयल ऐसिटस एण्ड एनफोर्समेन्ट आफ सिक्यूरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002

उपस्थित :– श्री प्रवीण सिंह राजावत अभिभाषक प्रार्थी

दिनांक 20.01.2020

आदेश

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थीगण सं 01 से 03 को दिनांक 02.08.2016 को रू 25,00,000/– (अक्षरे पच्चीस लाख रूपये मात्र) की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। इस हेतु अप्रार्थीगण ऋणी ने आवश्यक दस्तावेजात निष्पादित कर ग्राम बडली, ग्राम पंचयात भिनाय जिला अजमेर जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1543 पर स्थित अचल सम्पति, क्षैत्रफल 3016 वर्ग गज, पट्टा नम्बर 16 का पंजीयन उप पंजीयक श्रीनगर में दिनांक 14.7.2008 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 68 में पृष्ठ संख्या 110 कम संख्या 710/0 पर पंजीबद्व किया गया है तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 90 के पृष्ठ संख्या 312 से 353 पर चस्पा किया गया है की चतुर्थ सीमाएं– पूर्व–आम रास्ता, पश्चिम– सुशीला की सम्पत्ति, उत्तर–श्री सांवरलाल का नोहरा, दक्षिण–गोपाल सिंह का नोहरा, को बतौर जमानत प्रार्थी बैंक के पास बन्धक रखा था। अप्रार्थीगण नियमित रूप से प्रार्थी बैंक को उक्त ऋण का भुगतान नहीं कर सके और बकाया ऋण के भुगतान में व्यतिक्रम व चूक कर दी और दिनांक 31.12.2018 को डिफाल्टर हो गये। प्रार्थी बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण

जिला मजिस्ट्रेट
अजमेर

...सख्या 710/0 पर पजीबद्व किया गया है तथा अतिरिक्त पुस्तक ... संख्या 312 से 353 पर चस्पा किया

Scanned by CamScanner

ऋणी को दिनांक 08.03.2019 को रजिस्टर्ड मांग नोटिस रूपये–25,64,818/– (अक्षरे पच्चीस लाख चौसठ हजार आठ सौ अठारह रूपये मात्र) का जारी किया गया। नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने में चूक की। ऋणी द्वारा बंधक सम्पति का सम्पूर्ण कब्जा भी प्रार्थी बैंक को नहीं सम्भलाया है। प्रार्थी बैंक द्वारा The Securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of securities interest Act 2002 की धारा 14 के तहत उपरोक्त खाते में देय राशि के पुर्नभुगतान हेतु रहनशुदा सम्पति का कब्जा प्रार्थी बैंक को जरिये पुलिस इमदाद संभलाने के लिये यह प्रार्थना पत्र जरिये अभिभाषक प्रस्तुत किया गया।

अभिभाषक प्रार्थी को सुना गया। अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुये प्रकट किया कि अप्रार्थीगण ने उसके खाते में देय ऋण राशि मय ब्याज की राशि के भुगतान हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अर्न्तगत नोटिस प्राप्त करने के बावजूद भी प्रार्थी बैंक को जमा नहीं कराया है। उक्त अधिनियम की धारा 14 के अर्न्तगत प्रार्थी बैंक के पक्ष में उक्त रहन रखी सम्पति का अधिनियम के प्रावधान अनुसार कब्जा प्रार्थी बैंक को या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को दिलवाने का आदेश फरमाते हुये प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावे।

हमने बहस पर मनन किया एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया। प्रार्थी बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अर्न्तगत नोटिस जारी करने के पश्चात भी मांग की गई राशि का अप्रार्थीगणों द्वारा भुगतान नहीं किया है। अतः The Securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of securities interest Act 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थी बैंक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। अप्रार्थीगण ऋणी की ओर से प्रार्थी बैंक के पक्ष में बंधक सम्पति ग्राम बडली, ग्राम पंचयात भिनाय जिला अजमेर जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1543 पर स्थित अचल सम्पति, क्षैत्रफल 3016 वर्ग गज, पट्टा नम्बर 16 का पंजीयन उप पंजीयक श्रीनगर में दिनांक 14.7.2008 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 68 में पृष्ठ संख्या 110 कम संख्या 710/0 पर पंजीबद्व किया गया है तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 90 के पृष्ठ संख्या 312 से 353 पर चस्पा किया गया है की चतुर्थ सीमाएं– पूर्व–आम रास्ता, पश्चिम– सुशीला की सम्पत्ति, उत्तर–श्री सांवरलाल का नोहरा, दक्षिण–गोपाल सिंह का नोहरा, का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक द्वारा जरिये संबधित पुलिस थाना इमदाद प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त सम्पति का कब्जा दिलाने हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्तों व यात्रा व्यय आदि का भुगतान नियमों में देय है तो संबंधित बैंक द्वारा वहन किया जायेगा। आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक, पुलिस अधीक्षक, अजमेर को हस्ब कायदा जारी हो।

आदेश आज दिनांक 20.01.2020 को सुनाया गया।

(विश्व मोहन शर्मा)
जिला मजिस्ट्रेट
अजमेर

Scanned by CamScanner